## खबर संक्षेप

### एजुकेशन मैनेजमेंट सिस्टम से प्रवेश पत्र, परिणाम और अंक सूची होगी तैयार

**कटनी।** स्कूल शिक्षा विभाग ने परीक्षा प्रबंधन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की है। विभाग ने एजुकेशन मैनेजमेंट सिस्टम (इएमएस) पोर्टल विकसित किया है। इस पोर्टल के माध्यम से कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र, परिणाम और अंक सूची तैयार की जाएगी। विभाग द्वारा यह व्यवस्था शिक्षण सत्र 2025-26 से ही शुरू की जाएगी। विभाग ने इसकी तैयारी भी पूरी कर ली है। नई व्यवस्था के शुरू होने से वार्षिक परीक्षाओं की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध हो सकेगी। साथ ही परीक्षा संबंधी कार्यों में समय की बचत के साथ प्रशासनिक दक्षता भी बढ़ेगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विकसित ईएमएस पोर्टल के माध्यम से सभी विद्यार्थियों के लिए यूनिक रोल नंबर जनरेट किए जाएंगे, जिसके आधार पर परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। वार्षिक परीक्षा परिणाम भी पोर्टल पर ही तैयार किए जाएंगे तथा विद्यार्थियों की अंकसूचियां सीधे प्रिंट की जा सकेंगी। इस प्रक्रिया के माध्यम से राज्य, संभाग एवं जिला स्तर पर परीक्षा परिणामों का त्वरित विश्लेषण किया जा सकेगा। साथ ही पोर्टल के माध्यम से द्वितीय परीक्षा की कार्यवाही भी की जा सकेगी। स्कूल शिक्षा विभाग की यह पहल परीक्षा प्रणाली के डिजिटलीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इससे विद्यार्थियों एवं विद्यालयों दोनों को सुविधा मिलेगी।

### जिला अस्पताल के सामने लगेगा जैविक हाट बाजार

**कटनी।** जिला अस्पताल के सामने नगर निगम मुडवारा सब्जी मंडी में प्रत्येक रविवार की भांति इस रविवार को भी ताज़ी हरी सब्जियों का जैविक हाट बाजार लगेगा। इस हाट में जिले भर के वे कृषक भाग लेंगे, जो रसायनमुक्त एवं प्राकृतिक पद्धति से खेती कर रहे हैं। किसान अपने ताजे एवं प्रमाणित जैविक उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध कराएंगे। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग की इस पहल का उद्देश्य जैविक उत्पादों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना तथा उपभोक्ताओं और जैविक खेती करने वाले किसानों के बीच सीधा संवाद एवं विश्वास का सेतु तैयार करना है। इस आयोजन से जहां नागरिकों को शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद उपलब्ध होंगे, वहीं किसानों को भी अपने उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त होगा। साथ ही अन्य कृषक भी जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित होंगे, जिससे स्वस्थ समाज और सशक्त किसान की दिशा में सार्थक कदम बढ़ाया जा सके।

### जिलास्तरीय ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण आज

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईव्हीएम और वीवीपीएटी के जिलास्तरीय वेयरहाउस का मासिक एवं त्रैमासिक निरीक्षण 21 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्रा ने जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय के सामान्य निर्वाचन में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### जिला शांति समिति की बैठक 24 को

**कटनी।** आगामी पर्वों व त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में 24 फरवरी को शाम 4 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में होली धुरेड़ी, चैत्र नवरात्रि प्रारंभ, जवारा विसर्जन एवं चैत्र नवरात्रि, चेट्री चंड झूलेलाल जयंती और ईद-उल-फितर त्यौहारों के गरिमापूर्ण और व्यवस्थित आयोजन के संबंध में चर्चा की जाएगी। जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों और पुलिस अधीक्षक, डीएफओ, आयुक्त नगर निगम, सीईओ जिला पंचायत सहित संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## बिना सुरक्षा उपकरणों के चालू विद्युत लाइनों में कार्य करते हैं ठेका व संविदा कर्मी

# बेपरवाही: ताक पर सुरक्षा, दांव पर जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विद्युत वितरण कंपनी के लिए काम करने वाले कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण के अपनी जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं। ऊंचे बिजली के खंभों पर चढ़कर बिजली का सुधार करने के लिए ये केवल एक सीढ़ी के सहारे डटे रहते हैं। दुर्घटनाएं होने के बाद भी कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरणों को काम करते हैं जिम्मेदार बिजली कंपनी हादसे का इंतजार करती है। अधिकतर विद्युतकर्मी बिना सेफ्टी किट के बिजली के पोलों में चढ़ जाते हैं। इससे अप्रिय घटना का आशंका बनी रहती है।

विद्युत लाइनों में खराबी आने के बाद बिना आवश्यक उपकरणों के सीढ़ी में चढ़कर ही कार्य करते नजर आ जाते हैं। जबकि एक दो कर्मचारी सीढ़ी पकड़े नीचे खड़ते रहते हैं। कई बार विद्युत लाइन में सुधार के लिए चालू लाइन में ही कार्य करते रहते हैं। जबकि इन कर्मचारियों को काम करते समय सुरक्षा उपकरण पहनना चाहिए। विभाग के अधिकारियों का दावा है कि उनके द्वारा सुरक्षा उपकरण दिए जाने के बाद भी ये कर्मचारी लापरवाही करते हुए काम कर रहे हैं। ऐसे में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।





### कार्य दौरान ये उपकरण जरूरी

लाइन में छोटा सुधार हो या बड़ा कार्य सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करना अनिवार्य होता है। बिजली सुधार करते समय प्रत्येक बिजली कर्मचारी के पास हाथों में पहनने वाले नायलोन के लांग ग्लब्स, लांग बूट, हेलमेट, कैप, टेस्टर, टार्च, सीढ़ी और सूती कपड़े पहनना जरूरी है। मगर शहर में जब भी बिजली सुधार कार्य होता है तब कंपनी के मैदानी एवं सर्विस प्रोवाइडर के कर्मचारी इन उपकरणों का इस्तेमाल कम ही करते हैं। कई बार बिना सुरक्षा उपकरणों के ही डीपी पोल पर चढ़कर सुधार किया जाता है। विभाग द्वारा अलग-अलग कार्यों के लिए कर्मचारी रखे गए हैं। बताया जा रहा है कि लाइन सुधार के समय सीनियर कर्मचारी अपने साथ नए कर्मचारियों को रखते हैं। नियम अनुसार लाइन सुधारते समय खंभे पर सिर्फ लाइनमैन को ही चढ़ना चाहिए, लेकिन लाइनमैन नीचे खड़े रहते और नौसिखिए खंभे पर चढ़कर बिजली सुधारते हैं। शहर हो या ग्रामीण अंचल पोल में चढ़कर सुधार कार्य करते ऐसे नजारे देखने मिलते रहते हैं। नीचे दो कर्मचारी सीढ़ी को पकड़े रहते थे और एक कर्मचारी बिना कोई सुरक्षा के उपकरण के विद्युत पोल में चढ़कर सुधार कार्य या लाइन जोड़ने का कार्य करता रहता हैं। हलांकि कई बार देखनें में आया है कि जब भी विभाग द्वारा लाइनों का मेंटेंनेस का काम किया जाता है उस समय क्रेन को बुलाया जाता है जिसमें बैठकर कर्मचारी लाइनों का काम करते हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले में 70 फीसद मैदानी संविदा पदो से काम चलाया जा रहा है। कई कई गांव की जवाबदारी एक एक संविदा कर्मियों पर छोड़ रखी गई है जबकि ये लाइन परिचारक अपना कार्य सीधे श्रमिको से कराया जा रहा है। खंभा में चढ़कर बिजली ठीक करने सहित सभी तकनीकी कार्य इन्ही के द्वारा निष्पादित किया जा रहा है। इस तरह अप्रशिक्षितों से तकनीकी कार्य लिया जा रहा है। नियमित कर्मचारियों के मुकाबले इन्हे वेतन व सुविधायें भी माकूल नहीं मिली। इधर कंपनी संविदा कर्मचारियों को फील्ड स्तर पर दोहरी जवाबदारी के साथ काम ले रही है।

# फैक्ट्री में मशीन की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधव नगर थाना अंतर्गत झिंझरी चौकी क्षेत्र के गुलवारा में संचालित ईंट फैक्ट्री में काम के दौरान भारी-भरकम मशीन पलटने से एक 27 वर्षीय श्रमिक की जान चली गई।

जानकारी के अनुसार, चरगवां निवासी सतीश कुशवाहा 27 वर्ष पिता संतोष कुशवाहा गुलवारा स्थित ईंट फैक्ट्री में कार्यरत था। काम के दौरान अचानक ईंट बनाने वाली एक विशालकाय मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई। सतीश इस भारी मशीन की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद अन्य श्रमिकों ने तत्परता दिखाते हुए सतीश को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुँचाया। हालांकि, चोटें इतनी गंभीर थीं कि इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

### फार्मर आईडी कार्य में लापरवाही पर पटवारी निलंबित

**कटनी।** फार्मर आईडी निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता ने पटवारी हल्का क्रमांक 21 करेला तहसील बरही के पटवारी पुरूषोत्तम कुमार काछी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पटवारी श्री काछी को कृषकों की फार्मर आईडी बनवाने हेतु प्रेरित करने तथा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद उनके द्वारा अपेक्षित रुचि नहीं ली गई। इस पर कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्धारित समय-सीमा में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया था, लेकिन समय-सीमा बीत जाने के बाद भी जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय विजयराघवगढ़ नियत किया गया है।

## गठित उड़नदस्ता दल ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

# 5वीं, 8वीं की परीक्षा में शामिल हुए 6741 परीक्षार्थी, 622 रहे गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

राज्य शिक्षा केन्द्र के आदेशानुसार कक्षा पांचवी व आठवीं की बोर्ड परीक्षा 20 फ़रवरी शुक्रवार से प्रारंभ हो गई। 5 वी का हिंदी माध्यम का हिंदी तो 8 वी का हिंदी विषय का प्रश्न पत्र हुआ।परीक्षा के लिए समूचे विकासखण्ड में 42 परीक्षा केंद्र बनाए गए ।इन्ही परीक्षा केंद्रों में अशासकीय स्कूलो के विद्यार्थी भी परीक्षा में शामिल हुए जिनमे 5वी में 3889 परीक्षार्थी में 3652 विद्यार्थी उपस्थित हुए तो 238 अनुपस्थित रहे। वही 8 वी में 3474 विद्यार्थी मैं 3090 विद्यार्थी उपस्थित हुए व 384 अनुपस्थित रहे। परीक्षा का सुबह दोपहर 2 बजे से प्रारंभ हुई जो 4:30 बजे तक चली ।26 फ़रवरी को परीक्षा संपन्न हो जायेगी।



### बीआरसी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

शुक्रवार से शुरू हुई 5 वी व 8 वी बोर्ड परीक्षा का परीक्षा केंद्रों मैं मॉनिटरिंग करने उड़नदस्ता दल ने परीक्षा केंद्र पहुँच निरीक्षण किया। बाकल परीक्षा केंद्र में विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक प्रशांत मिश्रा ने पहुँचकर परीक्षा का जायजा लिया। साथ ही बीएसी अमित पांडेय व सीएसी पवन त्रिपाठी उपस्थित रहे। साथ ही ड्यूटी कर रहे शिक्षको का मनोबल बढ़ाया।बीआरसी ने बताया कि विकासखंड में प्रत्येक जनशिक्षा केंद्र में 3 से 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए।

### न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने किया स्कूल का निरीक्षण

**कटनी।** म०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के पालन में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जीतेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी द्वारा आगनवानी प्ले स्कूल ढीमरखेडा में विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से स्कूल एवं भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। बच्चों से पी०टी० एवं प्रार्थना करायी गई।

## मंत्री की अमर्यादित टिप्पणी पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विरुद्ध पुरानी कचहरी चौराहा पर तीव्र विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के संबंध में की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला ने किया। आक्रोशित कांग्रेसजनों ने विरोध स्वरूप पुतला दहन कर नारेबाजी की तथा लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय मर्यादाओं के सम्मान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और मंत्री के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में इस प्रकार की असंसदीय एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग निंदनीय है। कांग्रेसजनों ने आरोप लगाया कि बार-बार इस तरह की भाषा का उपयोग लोकतांत्रिक परंपराओं को आहत करता है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस पार्टी ने राज्य सरकार से मांग की कि संबंधित मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को तत्काल मंत्रिमंडल से हटाया जाए तथा उनका इस्तीफ़ा लिया जाए। कांग्रेसजनों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और व्यापक करेगा।

# धरे गये दो बदमाश, लाखों की सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा पुलिस द्वारा दो चोरो को गिरफ्तार किया है। आरोपित टेंट सामग्री की चोरी करते थे।

पुलिस के अनुसार 19.2.26 को प्रार्थी अनिल पटेल निवासी ग्राम ढीमरखेडा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 13.02.26 की दरम्यानी रात अज्ञात चोरो द्वारा सूरदास आश्रम ग्राम पोडीकला में लगे उसके टैन्ट से मशीनें कीमती करीब 350000 रूपये किमती चोरी कर ले गये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपी एंव मशरूका की तलाश पतासाजी की गई। दिनांक 20.02.26 को आरोपी मनीष कुर्मी पिता मुकेश कुर्मी 25 साल निवासी ग्राम महनेर को गिरफतार कर उससे पूछताछ की गई जिसके कब्जे से एक मोबाईल फोन रियलमी कंपनी का माईक स्टेण्ड एंव एम्पलीफायर अहूजा कंपनी का जप्त किया गया। आरोपी परदेशी पिता कमलेश कोल 22 साल निवासी ग्राम उमरियापान को कुदवारी मोहल्ला को गिरफतार कर पूछताछ की गई जिसके कब्जे से हैडआपटर मशीन बॉस कंपनी, डीडी 3 डिजटल मशीन, दो केबल हरेलाल रंग, एक मिक्सर मशीन स्टूडियो मास्ट, एक अन्य मिक्स मशीन 182, स्टूडियो मास्टर एक मास प्लेट मशीन, एक ऑडियो मेकर मशीन जप्त किया गया है। आरोपीयों के द्वारा थाना पानउमरिया क्षेत्र में भी चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है। आरोपियों से साउंड सिस्टम कुल कीमती 3,50,000/- जप्त कर आरोपियों को गिरफतार कर न्यायालय पेश किया गया है।



कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी. अभिषेक चौबे उनि सुरेश चौधरी, प्र आर दीपक श्रीवास, आर. पंकज सिंह, आर. अजय धुर्वे, आर. देवेन्द्र अहिरवार, आर कमोद कोल, का विशेष योगदान रहा।

## आवेदनों का निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का दिया जाएगा लाभ

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत बड़वारा के ग्रामों में शिविर आज लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर शनिवार 21 फरवरी को संकल्प से समाधान अभियान के तहत विकासखंड बड़वारा के ग्रामपंचायत बडवारा में संकल्प से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में ग्राम नन्हवारासेझा, बछरवारा, बडेरा, बड़वाराकला, बड़ागांव, बरगवां, भगनवारा, भदावर, रूपौंध, लखाखेरा और सलैया ठुठिया ग्राम के लोगों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है।

इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर पात्रों को शासकीय योजना एवं कार्यक्रमों में लाभान्वित कराया जाएगा।

इसी प्रकार सोमवार 23 फरवरी को जिला कटनी एम कार्पोरेशन संकल्प से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में वार्ड नं 10 जयप्रकाश वार्ड, वार्ड नं 11 जगमोहन दास वार्ड, वार्ड नं 12 वीर सावरकर वार्ड, वार्ड नं 6 चन्द्रशेखर आजाद वार्ड, वार्ड नं 7 गणेश प्रसाद मसूरहा वार्ड, वार्ड नं 8 जालपा देवी वार्ड, वार्ड नं 9 महात्मा गांधी वार्ड के लोगों के लिए शिविर आयोजन किया गया है। इसके अलावा सोमवार 23 फरवरी को विकासखंड विजयराघवगढ़ संकल्प से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में वार्ड नं 7 महात्मा गांधी वार्ड, वार्ड नं 8 डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड, वार्ड नं 9 भगत सिंह वार्ड के लागों के लिए शिविर आयोजन किया गया है। 23 फरवरी को विकासखंड कैमोर संकल्प से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में वार्ड नं 7 बारापर वार्ड के लागों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। 23 फरवरी को विकासखंड बरही संकल्प से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में वार्ड नं 6 जवाहरलाल नेहरू वार्ड, वार्ड नं 7 शहीद भगत सिंह वार्ड के लागों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है।

इसी दिन सोमवार 23 फरवरी को विकासखंड बड़वारा के ग्रामपंचायत बड़वारा में संकल्प से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में ग्राम कुऑ, करेला, खितौली, जगुवा, बम्हौरी, बरन, महगवॉ, बरमानी, सुतरी, सलैया, सिहोरा, हदरहटा, हर्रवाह ग्रामों के लोगों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा सोमवार 23 फरवरी को जिला कटनी के संकल्प से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में ग्राम कछगवा, गैतरा, गंनियारी, गुलवारा, देवरीटोला, पड़वा, पिपरौन्ध, लखापतेरी के ग्रामों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। इसी दिन सोमवार 23 फरवरी को विकासखंड ढीमरखेड़ा के संकल्प से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में ग्राम अतरिया, कटरिया, खमतरा, देवरी, मरवारी, पहरूआ, बिचुवा ग्राम के लोगों के लिए शिविर का अयोजन किया गया है। इसके अलावा सोमवार 23 फरवरी को विकासखंड रीठी के संकल्प से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में ग्राम कठौतिया, गोदाना, तिघरा कलॉ, नयाखेड़ा, नवगवां, बकलेहटा, बड़गांव, भरतपुर, रूडमुड के ग्रामों के लिए शिविर का अयोजन किया गया है।

## महापौर ने सड़क डामरीकरण कार्यों का किया निरीक्षण

# विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर में आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में नगर निगम द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने क्षेत्रीय पार्षद सुरेंद्र गुप्ता एवं अन्य एमआईसी सदस्यों के साथ विवेकानंद वार्ड अंतर्गत लगभग 41 लाख रुपये की लागत से किए जा रहे डामरीकरण कार्यों का विस्तृत स्थल निरीक्षण किया।

महापौर ने विक्रम स्कूल गली, साउथ स्टेशन रोड तथा त्रिलोकीनाथ मंदिर के आसपास विभिन्न स्थानों पर बन रही सड़कों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, डामर की मोटाई, सड़क की चौड़ाई, समतलीकरण, जल निकासी व्यवस्था एवं किनारों की मजबूती की अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।



### मानकों का ध्यान रखें

निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य पूर्णतः निर्धारित मानकों, स्वीकृत एस्टीमेट एवं तकनीकी प्रावधानों के अनुरूप ही किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

महापौर ने कहा कि नगर के नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। अच्छी सड़कों से न केवल आवागमन सुगम होता है, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलती है।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने महापौर से भेंट कर चल रहे निर्माण कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। रहवासियों ने कहा कि लंबे समय से सड़क की समस्या बनी हुई थी, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती थी। अब डामरीकरण कार्य से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए नगर निगम एवं महापौर का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार क्षेत्र में विकास कार्य होते रहेंगे।

# बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर आशीष तिवारी ने परीक्षाओं की पवित्रता, विश्वसनीयता, परीक्षा के सफल संचालन एवं सुचारू क्रियान्वन हेतु निर्धारित परीक्षा केंद्रो पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में शिक्षा सत्र 2025-26 में संचालित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल की जारी परीक्षाओं के मद्देनजर वर्तमान समय में विवाह एवं अन्य उत्सवों में ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग जैसे लाउडस्पीकर, डेक, डीजे, बैंड-बाजा व अन्य का उपयोग होने से परीक्षाओं तथा विद्यार्थियों के विद्या अध्ययन में बाधा उत्पनन होने की संभावना में मद्देनजर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।

आदेश में उल्लेखित है कि विद्यार्थियों के लिए परीक्षा की तैयारी हेतु अनुकूल वातावरण को दृष्टिगत रखते हुये परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है।

परीक्षा के दो घंटे के पूर्व से लेकर परीक्षा पूर्ण होने तक अनाधिकृत व्यक्तियों के बेमतलब प्रवेश व घूमने, कागज या अन्य वस्तुओं क वितरण या प्रचार-प्रसार ऐसी वस्तुओ का उपयोग जिसका प्रयोग अक्रामक आयुध के रूप में किया जा सकता है तथा अवांछनीय गतिविधियों पर परीक्षा केंद्र के 100 गज की दूरी के अंदर सख्ती से प्रतिबंधित किया जाता है। ताकि कोई भी व्यक्ति परीक्षा से संबंधित अधिकारी,वीक्षक (इन्वीजिलेटर), कर्मचारीगण को डराने या धमकाने का प्रयास न कर सके। परीक्षा केंद्रो के 100 मीटर की परिधि पर 5 या उससे अधिक लोगो की अनाधिकृत मौजूदगी को प्रतिबंध किया जाता है।

किसी भी अनुमत्य कार्यक्रम में यदि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जाता है तो माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश एवं म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 10(2) को दृष्टिगत रखते हुये ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग किया जावे। किसी भी अनुमत्य कार्यक्रम के दौरान कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का पालन किया जावे। तेज आवाज में लाउडस्पीकर का उपयोग न किया जावें। कार्यक्रम में ध्वनि विस्तारक यंत्र से अभद्र अपशब्दों का प्रयोग न किया जावें। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग रात्रि में 10 बजे तक ही किया जावे इसके पश्चात रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित होगा।

## खबर संक्षेप

### श्रीरुद्र महायज्ञ व शिव महा पुराण कथा का आयोजन

**उमरियापान।** उमरियापान के समीप स्थित बरौदा बिछिया ग्राम में श्रीरुद्र महायज्ञ, श्री शिव महापुराण कथा एवं अखण्ड संकीर्तन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। महायज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया है। प्रतिदिन प्रातःकाल से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंचकर यज्ञवेदी की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। पूरा परिसर वेद मंत्रों की गूंज और भक्ति रस से सराबोर है।यज्ञाचार्य पंडित प्रमोद परौहा द्वारा विधि-विधानपूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया जा रहा है। वहीं कथा वाचक लखन कृष्ण जी महाराज श्रद्धालुओं को शिव महापुराण की अमृतमयी कथा श्रवण करा रहे हैं, जिससे श्रोतागण भावविभोर हो रहे हैं। महायज्ञ के दौरान भजन-कीर्तन का क्रम भी निरंतर जारी है, जिससे वातावरण और अधिक भक्तिमय बन गया है। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने कहा है।

### लापरवाही बरतने पर पटवारी निलंबित

**कटनी।** फार्मर आईडी निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया ने पटवारी हल्का क्रमांक 35 सैलारपुर, तहसील स्लीमनाबाद के पटवारी सुशील परते को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पटवारी श्री परते को कृषकों की फार्मर आईडी बनवाने हेतु प्रेरित करने तथा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद उनके द्वारा अपेक्षित रुचि नहीं ली गई। इस पर कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्धारित समय-सीमा में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया था, लेकिन समय-सीमा बीत जाने के बाद भी जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रकरण में श्री परते का कृत्य कदाचार की श्रेणी में पाया गया। इसी आधार पर उनके विरुद्ध म.प्र. सिविल सेवा के प्रावधानों के अंतर्गत निलंबन की कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय स्लीमनाबाद नियत किया गया है तथा इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

### 23 फरवरी को मनाया जाएगा चंद्र प्रभु का मोक्ष कल्याणक

**सिलौंडी।** सिलौंडी के समाधिथ गुरुवर सिद्धसागर महाराज की प्रेरणा एवं 15 अगस्त 2025 को शाश्वत तीर्थक्षेत्र सम्मेद शिखरजी में विराजमान आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य 108 मुनिवर पवित्र सागर महाराज के विशेष आशीर्वाद से ग्राम सिलौंडी में श्री 1008 चंद्रप्रभु जिनालय के शताब्दी वर्ष में मोक्षकल्याणक मनाया जाएगा जिसमें 23 फरवरी 2026 को सुबह 9 बजे सुबह से पूजन अभिषेक शांति धारा निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। शाम को भक्ताबार पाठ और महाआरती का आयोजन होगा जिसमें जबलपुर ,सिहोरा मुंबई सहित अनेक स्थानों में निवासरत सिलौंडी जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होगें।

### भागवत कथा में मनाया कृष्ण-रुक्मणि विवाहोत्सव

**सिलौंडी।** गोपालपुर में चल रही भागवत कथा में श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा में श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ। जिसे बड़े धूमधाम से मनाया गया। श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन शुक्रवार कथावाचक ब्रज भूषण शास्त्री ने बताया कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। भागवत कथा के छठवें कथा स्थल पर रूकमणी विवाह का आयोजन किया गया। कथा के दौरान संत बच्चू महाराज का आगमन हुआ। जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय,मोहन सिंह बागरी ,अर्चना प्रवीण तिवारी ,कोढ़ी लाल पटेल ,जनपद पंचायत सदस्य निरंजन खटीक ने कथा वाचक का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान सरपंच मीना मोहन बागरी ,सरपंच अर्चना प्रवीण तिवारी , मंडल उपाध्यक्ष अरविंद तिवारी ,सदन तिवारी मौजूद रहे।

---

**उमरियापान अस्पताल में 42 पदों के विरूद्ध महज 16 ही कार्यरत, मरीजों का भटकाव**

# सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डाक्टर और स्टाफ की कमी से चरमराई स्वास्थ्य सेवायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान




सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों की कमियों के चलते न सिर्फ मरीजों को उपचार के लिए खासी जद्दोजहद करनी पड़ती है बल्कि लंबी दूरी एवं अधिक धनराशि भी खर्च करनी पड़ी है। गंभीर मामलों में तो कई बार जान तक गंवानी पड़ जाती है। दरअसल प्राथमिक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी है। स्वीकृत पदों में से कहीं आधे तो कहीं उससे भी कम कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। ग्राम स्तर से लेकर तहसील तक में सरकार द्वारा अस्पताल भवनों का निर्माण को करा दिया जाता है लेकिन डाक्टर एवं कर्मचारियों की पदस्थापना नहीं होने से लाखों रूपये से निर्मित भवन शो पीस बनकर रह जाते हैं। ग्रामीण अंचलों में संचालित कई प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों की हालत तो ऐसी है कि यहां ताला लटकते देखा जा सकता है क्योंकि यहां भी स्टाफ का रोना बना हुआ है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान भी डाक्टर एवं कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। अस्पताल में स्वीकृत विशेषज्ञ एवं चिकित्सा अधिकारियों सहित निचले स्तर के कई पद रिक्त होने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं जिससे उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के ग्रामों से मरीज यहाँ उपचार कराने के लिए आते हैं, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को समुचित उपचार नहीं मिल पाता है। मरीजों को मजबूरन कटनी, जबलपुर सहित अन्य शहरों का रूख करना पड़ता है। जिससे की मरीजों और उनके परिजनों को भी परेशानी उठानी पड़ती है।

### जिम्मेदारों को नहीं सरोकार

जानकारी के मुताबिक उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 30 बिस्तरीय अस्पताल के रूप में स्वीकृत हैं, लेकिन अब तक यहाँ स्वीकृत पदों के अनुरूप विशेषज्ञ एवं चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना नहीं हो सकी। अस्पताल में कुल 42 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से केवल 16 पदों पर ही कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि 26 पद वर्तमान में रिक्त पड़े हुए हैं। रिक्त पदों में मेडिकल विशेषज्ञ, सर्जरी विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, निश्चेतना विशेषज्ञ सहित अन्य महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुँचते हैं। गंभीर रूप से पीड़ति मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया जाता है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के चलते मरीजों को समय पर समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। बीएमओ डॉ. बी.के. प्रसाद ने बताया कि अस्पताल में स्वीकृत पदों में रिक्त पदों की जानकारी अनेकों बार वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई है। पदों की पूर्ति हेतू पत्राचार भी किया गया है।

### विधायक को भेजा पत्र

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान में स्वीकृत विशेषज्ञ एवं चिकित्सा अधिकारियों के पदों की पूर्ति नहीं होने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इस संबंध में उमरियापान बीएमओ डॉ. बी.के.प्रसाद ने बड़वारा विधायक धीरेंद्र सिंह को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया है।उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण ओपीडी, आईपीडी, इमरजेंसी एवं पोस्टमार्टम जैसी सेवाओं के संचालन में कठिनाइयां आ रही हैं। कुछ विशेषज्ञों द्वारा पोस्टमार्टम एवं इमरजेंसी ड्यूटी करने में असमर्थता जताए जाने से शेष चिकित्सकों पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ रहा है, जिससे वे मानसिक रूप से भी प्रभावित हो रहे हैं। बीएमओ ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु शीघ्र विशेषज्ञ एवं चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना कराने की मांग की है, ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

---



## छात्र की मौत पर अभाविप ने किया प्रदर्शन, दोषियों पर कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

कैमोर थाना के बम्हनगवां में पांचवी कक्षा के छात्र की स्कूल परिसर में बाउंड्री वॉल गिरने से मौत को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विजयराघवगढ़ द्वारा धरना प्रदर्शन किया एवं दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की।

अभाविप के पदाधिकारीयों सहित छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए चका जाम को लेकर पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान दोनों और बाहनों की लंबी कतारे लग गई थी, जाम खुलवाने को लेकर पुलिस और अभाविप पदाधिकारियों के साथ कहा सुनी हुई हालांकि पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं को समझाइस देते हुए चक्का जाम खुलवाया गया।

परिषद के जिला संयोजक तरुण पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि विजयराघवगढ़ जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत बम्महनगवां शासकीय स्कूल में बाउंड्री बाल गिरने से छात्र राजकुमार बर्मन की मौत हो गई थी उसके परिजनों को उचित मुआवजा प्रदान करने के लिए हमने मांग रखी थी वहीं इस हृदय विदारक घटना की वरिष्ठ अधिकारियों से जांच करते हुए विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाए कटनी जिले के सभी शैक्षणिक संस्थान जो पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं उनकी जांच करते हुए तुरंत मरम्मत कराई जाए आदि विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम विवेक गुप्ता को ज्ञापन सौपा गया।

इस दौरान अनुज परिहार नगर मंत्री कैमोर तरुण पांडे जिला संयोजक पुनीत तिवारी विगढ़ मंत्री सुब्रत जैन प्रांत मंत्री सीमांक दुबे विभाग संगठन मंत्री ऋषभ त्रिपाठी जिला संयोजक संजय कुशवाहा नगर मंत्री अभिषेक सेन सिद्धू चौधरी एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

---

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अतिथियों एवं वक्ताओं का शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पौधे भेंटकर स्वागत किया गया। संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. मनीषा व्यास ने शोध संगोष्ठी की रूपरेखा एवं विषय-वस्तु पर प्रकाश डाला। प्रथम दिवस के प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. सर्दूल सिंह संधू, डीन एवं विभागाध्यक्ष, जीव विज्ञान विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने कर्क रोग एवं मधुमेह विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान दिया।

डॉ. मोनिका कपूर, सीएमओ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज ने "मधुमेहः वैश्विक महामारी का समाधान" विषय पर कार्ययोजना प्रस्तुत की। द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ. मीनल रहमान, स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज, जेएनयू, जयपुर ने कैंसर नियंत्रण में नैनो तकनीक की भूमिका पर विचार रखे। वहीं डॉ. जयप्रकाश अवस्थी, शासकीय महाविद्यालय उमरियापान ने मधुमेह के नैदानिक प्रबंधन में आयुर्वेदिक औषधियों की उपयोगिता पर व्याख्यान दिया।

द्वितीय दिवस के प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ. संचाली अजय पाद्येय, सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर, छत्तीसगढ़ स्टेट फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी ने "कैंसरः व्यक्तिगत चिकित्सा की दिशा में नए कदम" विषय पर सारगर्भित प्रस्तुति दी। इसके पश्चात डॉ. सपना राय, प्राध्यापक, शासकीय स्वशासी आदर्श विज्ञान महाविद्यालय ने "कैंसर प्रबंधन में औषधीय पौधेः एक वैकल्पिक दृष्टिकोण" विषय पर अपने विचार रखे। डॉ. प्रणिता भटेले, सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय कुंडम ने "कैंसर अनुसंधान में जीनोमिक्स, एपिजेनेटिक्स एवं बायोलॉजी प्रणाली का एकीकरण" विषय पर प्रभावी व्याख्यान प्रस्तुत किया। दोनों दिवस के व्याख्यानों का सारांश तकनीकी सत्राध्यक्ष डॉ. जयप्रकाश अवस्थी ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा कैंसर एवं मधुमेह विषय पर पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अवलोकन अतिथियों एवं वक्ताओं ने किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अभिषेक कुमार (बीएससी चतुर्थ वर्ष), द्वितीय पुरस्कार आशिका (बीएससी चतुर्थ वर्ष) तथा तृतीय पुरस्कार प्रिया चक्रवर्ती (बीएससी तृतीय वर्ष) को प्रदान किया गया। सांत्वना पुरस्कार संजना बढ़ई, रेशु बर्मन एवं प्रियंका (बी.ए. द्वितीय वर्ष) को दिया गया।

---

**प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल किये गये प्रदान**



जिला संगठन की वरिष्ठ डॉक्टर रुक्मणी प्रताप के मार्गदर्शन में प्राचार्य डॉ एमपी स्वर्णकार के निर्देशन में विज्ञान महाविद्यालय कैमोर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धवैहा में चला। समापन समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता पटेल रही। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत हरैया की सरपंच मुंडी बाई कोल समस्त पंच गण , सचिव इंद्रपाल पटेल रोजगार सहायक अजय कचेर प्राथमिक शाला धवैया के प्रधानाचार्य रघुनाथ सिंह सहायक प्राध्यापक चंद्रकला बाई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता , आशा कार्यकर्ता एवं समस्त ग्रामीण जनों की उपस्थिति में महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य डॉक्टर एमपी स्वर्णकार सहायक प्राध्यापक नीलांचल मिश्रा निखिल असाटी, वैशाली गुप्ता एवं कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार पटेल एवं स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही अतिथियों द्वारा छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए गए स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई।

---

## किसानों को नरवाई प्रबंधन एवं मृदा स्वास्थ्य पर दिया गया विस्तृत प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कृषि अभियांत्रिकी विभाग कटनी द्वारा विकासखण्ड कटनी के ग्राम बंडा एवं बिछिया में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में किसानों को नरवाई प्रबंधन एवं मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की गुणवत्ता में कमी आती है, सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, वायु प्रदूषण बढ़ता है तथा पशु चारे का नुकसान होता है। किसानों को समझाइश दी गई कि नरवाई जलाने के बजाय उसका वैज्ञानिक प्रबंधन अपनाया जाए।

प्रशिक्षण में आधुनिक कृषि यंत्रों की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया। किसानों को हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, स्ट्रॉ रीपर एवं पूसा डीकंपोजर के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि हैप्पी सीडर मशीन पिछली फसल के अवशेषों के बीच ही अगली फसल की बुवाई कर देती है, जिससे जुताई का खर्च और समय दोनों की बचत होती है। इसकी अनुमानित कीमत 1.50 से 1.80 लाख रुपये है तथा अधिकतम 85 हजार रुपये तक अनुदान उपलब्ध है।

सुपर सीडर एक ही बार में नरवाई को काटकर मिट्टी में मिला देता है और साथ ही बुवाई भी कर देता है। इसकी कीमत लगभग 2.50 से 2.80 लाख रुपये है, जिस पर अधिकतम 1.20 लाख रुपये तक अनुदान दिया जाता है। किसानों को अधिक से अधिक हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

इसी प्रकार स्ट्रॉ रीपर फसल अवशेषों को काटकर भूसे में बदल देता है, जिसका उपयोग पशु आहार के रूप में किया जा सकता है। वहीं पूसा डीकंपोजर कैप्सूल/एंजाइम घोल के रूप में उपलब्ध है, जो नरवाई को 20–25 दिनों में खाद में परिवर्तित कर देता है। मल्चिंग तकनीक के माध्यम से अवशेषों को मिट्टी की सतह पर छोड़ देने से वाष्पीकरण कम होता है और भूमि में नमी बनी रहती है।

विभाग द्वारा अनुदान पर उपलब्ध अन्य यंत्र जैसे रोटावेटर, थ्रेसर, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, रीपर कम्बाइंडर आदि की आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी गई।

---

**राजस्व वसूली को लेकर निगम आयुक्त ने अपनाया सख्त रूख**

## बकाया कर जमा नहीं करने वाले 10 बड़े बकायेदारों को जारी किया वारंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम प्रशासन द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए जहां एक ओर नागरिकों को सुगमता से बकाया करों को जमा करनें हेतु विशेष शिविरों के साथ अवकाश के दिनों में भी निगम एवं जोन कार्यालय के कैश काउंटर खुला रखने की सुविधा प्रदान की जा रही है। वहीं बड़े बकायेदारों से बकाया करों की वसूली को लेकर सख्ती प्रारंभ कर दी गई है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा मध्य प्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धाराओं के तहत निगम ने 10 बड़े बकायेदारों धारकों के विरुद्ध वसूली वारंट जारी कर तामीली की कार्यवाही आर एस आई मुकेश राजपूत, प्रकाश पांडे की मौजूदगी में की गई। जारी आदेश में उल्लेख है कि निर्धारित समयावधि में बकाया राशि जमा नहीं किए जाने पर यह कार्रवाई की गई।

नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार आई.ए.एस ने जिन 10 धारकों को वारंट जारी किया है उनमें संत कंवर राम वार्ड निवासी तीन धारकों पर क्रमश 176788 रुपये, 122018 रूपये तथा 210728 रुपये बकाया है। इसके अलावा गुरुनानक वार्ड के तीन धारकों पर 66807 रुपये, 100533 रुपये व 76972 रुपये बकाया है। वहीं नेहरू वार्ड के भी चार धारकों पर 127629 रुपये, 406634 रुपये, 201473 रुपये 146477 रुपये बकाया है।

### पूर्व में भी दी गई थी सूचना

जारी वारंट में संबंधित बकायेदारों को राशि जमा करने हेतु विधिवत सूचना दी गई थी, किन्तु 30 दिवस के भीतर भुगतान नहीं किया गया। इसके उपरांत निगम के अधिनियम की धारा 175 के प्रावधानों के अंतर्गत वारंट जारी करते हुए बकाया वसूली के लिए चल-अचल संपत्ति के अभिहरण, कुर्की एवं विक्रय की कार्रवाई की चेतावनी दी है।

आदेश में बकायेदारों को यह भी स्पष्ट किया गया है कि वारंट के निष्पादन हेतु अधिकृत अमला सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच आवश्यकतानुसार परिसर में प्रवेश कर सकता है। संबंधित पक्ष को निर्देशित किया गया है कि 28 फरवरी 2026 तक या वारंट के निष्पादन से पूर्व बकाया राशि जमा कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें।

---

**समिति की बैठक में रोजगार एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने पर जोर**

## युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने प्रभावी रणनीति तैयार करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में को जिला कौशल समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि बैठक में लिए गए निर्णयों पर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

बैठक में पिछले वर्ष आईटीआई छात्रों के प्लेसमेंट का विवरण प्रस्तुत किया गया। प्रमुख कंपनियों में चयनित विद्यार्थियों की संख्या एवं प्लेसमेंट प्रतिशत की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने प्लेसमेंट दर बढ़ाने हेतु प्रभावी रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, नेशनल अप्रेंटिसिप प्रमोशन स्कीम के तहत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए अधिक से अधिक औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण कर युवाओं को जोड़ने के निर्देश दिए। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में माइनिंग ब्रांच प्रारंभ करने में आ रही समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर इसे जल्द शुरू करने के लिए अधिकारियों को हिदायत दी।

उन्होंने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिक से अधिक युवाओं को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के डाटा, स्वीकृत ऋण, ऋण उपयोग एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी संकलित करने के निर्देश भी दिए गए। अप्रेंटिसशिप के अवसरों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री तिवारी ने स्थानीय उद्योगों के साथ समन्वय बढ़ाने तथा अधिक युवाओं को अप्रेंटिसशिप से जोड़ने की कार्ययोजना पर अमल के निर्देश दिए है। नियमित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने, रोजगार एवं अप्रेंटिस मेले नियमित रूप से आयोजित करने तथा निजी कंपनियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। रोजगार मेलों का विस्तार ब्लॉक स्तर तक करने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने आधुनिक ट्रेड्स जैसे ईवी, सोलर एवं डिजिटल स्किल्स प्रारंभ करने तथा अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। डिजिटल एवं सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण को भी प्राथमिकता देने की बात कही गई। स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित करने, आईटीआई के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा ड्रॉपआउट विद्यार्थियों को पुनः कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में जिला रोजगार अधिकारी डी.के. पासी, प्राचार्य शासकीय आईटीआई कटनी देवेश मिश्रा, प्राचार्य पॉलिटेक्निक नरेंद्र बड़खेडकर, जीएम डीआईसी कटनी एवं जिला कौशल समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

---

## जनगणना के प्रथम चरण की तैयारियां तेज, अधिकारियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मध्यप्रदेश में 1 मई से 30 मई 2026 तक संपन्न किया जाएगा। इसी क्रम में जिला कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आशीष तिवारी की अध्यक्षता में 17 एवं 18 फरवरी को जनगणना कार्य में संलग्न समस्त अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उक्त निर्देशों के अनुक्रम में 19 फरवरी 2026 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, अनुभाग कटनी प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा तहसीलदारों/चार्ज अधिकारियों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एन्यूमरेटर ब्लॉक निर्धारण, मकानों का सूचीकरण एवं अन्य प्रारंभिक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। अनुविभागीय अधिकारी श्री चतुर्वेदी ने सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित किया कि वे चार्ज अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर ग्राम पंचायत सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों आदि के माध्यम से ग्रामों में भवनों के क्रमांक अंकित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### समय से कार्य पूर्ण कराएं

समस्त चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे ग्राम पंचायत स्तर पर पटवारियों, सचिवों एवं रोजगार सहायकों का दल गठित कर समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण कराएं। भवनों के क्रमांकन के उपरांत चार्ज अधिकारियों द्वारा एन्यूमरेशन ब्लॉक निर्धारण की कार्यवाही की जाएगी।

## खास बातें

### मोहन लाल साहू का निधन

**हिण्डोरिया।** नगर के अब्दुल्ला वार्ड नं. 06 निवासी हरिराम साहू, कमल साहू, मनोहर साहू, अजय साहू के पिता मोहन लाल साहू का 68 वर्ष की आयु मे लंबी बीमारी के चलते शुक्रवार को निधन हो गया है। इनकी शवयात्रा मे सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर मृतात्मा की शांति के लिये श्रृध्दांजलि अर्पित की।

### गुनौर में विद्युत सप्लाई ठप्प देर शाम तक नहीं हुई चालू

**गुनौर।** नगर में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शुक्रवार को दोपहर से ही ठपप हुई विद्युत सप्लाई देर शाम तक चालू नहीं हो सकी, जिससे पूरे नगर में हाहाकार मचा रहा। बिजली न होने से न केवल आम जनजीवन प्रभावित हुआ, बल्कि व्यापारिक गतिविधियां भी पूरी तरह ठप रहीं। सप्लाई बंद होने के कारण लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। देर शाम तक बिजली न आने से घरों में अंधेरा छाया रहा और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ा। सानीय निवासियों का कहना है कि बिजली विभाग को सूचना देने के बावजूद घंटों तक कोई ठोस सुधार कार्य नहीं देखा गया। नगरवासियों ने आरोप लगाया है कि मेंटेनेंस के नाम पर बार-बार घंटों बिजली काटी जाती है जनता में भारी आक्रोष है।

### गिद्ध गणना के प्रथम दिवस पर लगभग 1000 गिद्ध दर्ज, विगत वर्षों में सर्वाधिक संख्या

**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल में आयोजित गिद्ध गणना 2026 के प्रथम दिवस पर कुल 942 गिद्ध दर्ज किए गए, जो हाल के वर्षों में सर्वाधिक संख्या है। इससे पूर्व वर्ष 2025 में 762 तथा 2024 में 648 गिद्ध दर्ज हुए थे। इस वर्ष की गणना से क्षेत्र में गिद्ध संरक्षण के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। गणना के दौरान वनमण्डल में 7 प्रजातियों के गिद्ध दर्ज किए गए, जिनमें इंडियन (लॉन्ग-बिल्ड) गिद्ध, इजिप्शियन (सफेद/व्हाइट स्कैवेंजर) गिद्ध, व्हाइट-रम्प्ड गिद्ध, हिमालयन ग्रिफन, यूरेशियन ग्रिफन, सिनेरेयस (ब्लैक) गिद्ध तथा रेड-हेडेड (किंग) गिद्ध शामिल हैं। इनमें इजिप्शियन गिद्धों की संख्या सर्वाधिक पाई गई। विभिन्न गणना दलों द्वारा सर्वाधिक गिद्ध पवई परिक्षेत्र में दर्ज किए गए, जहाँ दलों का नेतृत्व परिक्षेत्र अधिकारी नितेश पटेल द्वारा किया गया। गणना कार्य में गिद्ध विशेषज्ञ मोहनदास नागवानी ने दक्षिण पन्ना वनमण्डल की टीमों के साथ शामिल होकर आवश्यक मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया। साथ ही प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारी पंकज चौधरी ने भी इस अवसर पर गिद्धों की पहचान, व्यवहार एवं संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मौसम अपेक्षाकृत ठंडा तथा आंशिक रूप से बादलों से ढका रहा, जिससे कुछ क्षेत्रों में गिद्धों की गतिविधि सीमित रही।

### मस्जिदों में पढ़ी गई जुमा की नमाज

# रमजान माह की बाद तरावीह शुरू, 12 साल बाद फरवरी में आ रहे रोजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



इस्लामी माह रमजान का चांद बुधवार की शाम को नजर आते ही हटा में इबादत, रौनक और खुशियों का माहौल बन गया। शाबान की 29 तारीख को बुधवार की शाम अकीदतमंद मस्जिदों, घरों की छतों और खुले मैदानों में चांद देखने के लिए जुटे। चांद दिखाई देते ही लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। कहीं-कहीं खुशी में पटाखों की आवाज भी सुनाई दी। रात में जामा मस्जिद में ईशा की नमाज के बाद तरावीह की नमाज अदा की गयी। नमाज के दौरान रोजेदारों ने मुल्क व कौम की सलामती, अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी।गुरुवार को रमजान माह का पहला रोजा रखा। और दूसरे रोज पर जुमा की नमाज अदा की गई। ज्ञात हो कि मुस्लिम समुदाय एक माह तक चलने वाले रमजान माह को उत्सव की तरह मानता है। मुस्लिम समाज एक माह तक रोजे रखने के साथ पांच वक्त की नमाज अदा करता है रमजान में माह में नमाज पढ़ने वाले मुसलमानों की संख्या बढ़ जाती हैं। जिसके चलते मस्जिद कमेटियों ने नमाजियों के स्वागत के लिए पूरी तैयारी कर ली थी। इस बार रोजा में पांच जुम्मे आयेंगे जिसमें पहले जुम्मे की नमाज अदा की गई। जुम्मे की नमाज का महत्व आम दिनों की तुलना में अधिक माना जाता है।रमजान के इस पवित्र महीने में, सभी मुसलमान पूरे महीने बहुत पवित्र तरीके से रोजा रखते हैं. शाम को इफ्तार किया जाता है. रोजा रमजान के त्योहार का एक अहम हिस्सा है। पूरे महीने सूर्योदय से सूर्यास्त तक कड़ा रोजा रखा जाता है। रोजे से सेल्फ-कंट्रोल और डिसिप्लिन बढ़ता है. रमजान के महीने में जकात भी दी जाती है, जिसका मतलब है अपनी दौलत का एक हिस्सा गरीबों को दान करना. मुसलमान रमजान के त्योहार के दौरान इफ्तार दावत को भी एक जरूरी परंपरा मानते हैं।

### हर वर्ष लगभग 10 से 11 दिन पहले आते हैं-

इस्लामी कैलेंडर के अनुसार रमजान हर वर्ष लगभग 10 से 11 दिन पहले आते हैं। 12 साल बाद इस बार फिर रमजान का माह फरवरी में आया है। इससे पहले वर्ष 2014 में रमजान फरवरी में आया था। फरवरी में रोजा पड़ने से सहरी और इफ्तार के बीच का समय अपेक्षाकृत कम रहेगा। जिससे रोजेदारों को शारीरिक रूप से सहूलियत भी मिलेगी। इस माह के अंत तक रोजा की अवधि 13 से 14 घंटे तक पहुंच जाएगी।

### जुमे की नमाज का खास महत्व

रोजा में इस बार पांच जुम्मे भी आएंगे रमजान माह में जुम्मे की नमाज का महत्व आम दिनों की तुलना में अधिक माना जाता है। इस बार जुम्मा दूसरे रोज, फिर 9वें 16वें 23 वें और 30 वें रोजे के दिन रहेगा।

### इस्लाम में रोज रखना फर्ज

ईदगाह मस्जिद के सदर यासीन खां ने बताया कि इस्लाम में रोज रखना फर्ज फरमाया है। इस्लाम के पांच प्रमुख स्तंभ में शहादा, ईमान की गवाही। पांच वक्त की नमाज पढ़ना, जकात देना, रोजा रखना, और आर्थिक रूप से सक्षम होने पर हज यात्रा करना फर्ज माना है। इस्लाम को मानने वाला हर शख्स जो बालिक हो और बीमार न हो रोजा रखना उसका फर्ज है। रमजान का आज पहला जुम्मा है आज मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई। माह रमजान के आगाज के साथ ही इफ्तिखार परियों का दौर शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि 5 साल से रमजान का आगाज अप्रैल में व जून में हो रहा था जो की भीषण गर्मी का सीजन है। इस बार सर्दी की विदाई और गर्मी की शुरुआत पर रोज शुरू हो रहे हैं। रोजेदारों के लिए न ज्यादा ठंड रहेगी न भीषण गर्मी।

# पुतला दहन को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं और पुलिस के बीच खींचतान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के हितो के विपरीत अमेरिका से किये गये ट्रेड समझौते के विरोध में एवं मध्यप्रदेश विधानसभा में भाजापा के मंत्री द्वारा आदिवासी नेता एवं नेता विपक्ष उमंग सिंघार से अमर्यादित भाषा के इतेमाल पर पुतला दहन का आयोजन किया गया। पथरिया ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस के नेतृत्व में मंत्री विजयवगोय एव केंद्र सरकार का पुतला लेकर नारेबाजी करते हुए संजय चौराहा पहुंचे जहां पहले से भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था पुतला दहन को लेकर पुलिस एवं कॉग्रेस कार्यकताओं में वडी देर तक खीचतान चलती रही जहां पुतला के टुकडे टुकडे हो गये। कार्यक्रम में के प्रदेश सचिव लक्ष्मण सिंह, पूर्व अध्यक्ष भरत श्रीवास्तव, कार्यक्रम के आयोजक रत्नेश सोनी शहर अध्यक्ष, छोटू ठाकुर, राहुल सिंह सासा पार्षद शुभम चौबे,, पीर अली सोनू अहिरवार श्रीधर राजपाल चंदेल छत्रपाल सिंह दीपक जैन पिंकी दुबे सोनू गायकवाड राजू अहिरवर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## मडियादौ में पुलिस ने चालानी कार्यवाही, मालवाहकों में सवारियां बैठाने पर सख्ती

**दमोह।** जिले में यातायात जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दमोह पुलिस द्वारा लगातार सघन वाहन चेकिंग की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मड़यिादो थाना पुलिस ने हटा मार्ग पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर नियम विरुद्ध संचालित वाहनों पर चालानी कार्यवाही की। थाना प्रभारी प्रीति पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वाहनों की जांच करते हुए चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी। चेकिंग के दौरान बड़ी संख्या में मालवाहक वाहनों में सवारियां बैठी पाई गईं। ऐसे वाहन चालकों को मौके पर सख्त चेतावनी दी गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान बनाए गए। उन्होने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र में फसल कटाई का कार्य चल रहा है, जिसके चलते मालवाहक वाहनों में मजदूरों एवं ग्रामीणों का परिवहन किया जा रहा है। इस प्रकार का परिवहन न केवल नियम विरुद्ध है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका को भी बढ़ाता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है। यह संपूर्ण अभियान पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना पुलिस द्वारा नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है।



## कांग्रेसियों ने भाजपा के मंत्रियों का किया पुतला दहन




**तेंदूखेड़ा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा दमोह मार्ग पर शुक्रवार दोपहर में भाजपा के मंत्रियों का पुतला दहन किया गया। ब्लांक अध्यक्ष नीलेश यादव ने बताया कि भारत अमेरिका ट्रेड डील एवं मनरेगा में किए जा रहे जनविरोधी बदलावों, किसानों व मजदूरों के कानूनी अधिकारों पर हो रहे प्रहार तथा मध्यप्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों कैलाश विजयवर्गीय, राजेंद्र शुक्ला, विजय शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर पुतला दहन किया गया हैं। जैसे ही पुतला दहन किया गया तुरंत ही नायब तहसीलदार के आदेश पर पुलिस प्रशासन, दमकल के द्वारा पुतले में लगी आग को बुझाया गया। इस दौरान कांग्रेसियों के द्वारा जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रामकुमार साहू, नगर अध्यक्ष ऋषभ पप्पू सिंघई, जमना प्रसाद यादव, आशीष साहू, अमोल घोषी, नारायण सेन, रहीस खान, शोएब खान, गौरव दुबे, प्रमोद बेन, शंकर अहिरवार, ज्ञानी अहिरवार के अलावा कांग्रेस पदाधिकारी, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पंच, ब्लॉक और किक के गुर सीख रहीं छात्राएं, आत्मरक्षा में हो रहीं निपुण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



ग्राम बम्हौरी पांजी शासकीय पीएम श्री एकीकृत माध्यमिक शाला में छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं आत्मरक्षा सशक्तिकरण के उद्देश्य से "रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम" का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के साहस, आत्मविश्वास और देशभक्ति से प्रेरणा लेकर बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सजग बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को पंच, ब्लॉक, किक एवं विभिन्न प्रकार की आत्मरक्षा तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास कराया जा रहा है। प्रशिक्षक अनूप सिंह ठाकुर द्वारा अत्यंत सरल, प्रभावी एवं अनुशासित ढंग से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे छात्राएं न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बन रही हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी आत्मविश्वासी हो रही हैं। प्रशिक्षण सत्रों में संतुलन, एकाग्रता, त्वरित प्रतिक्रिया और आत्मसंयम जैसे गुणों पर विशेष बल दिया जा रहा है। विद्यालय परिसर में नियमित रूप से आयोजित इन सत्रों में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। छात्राएं पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ तकनीकों का अभ्यास कर रही हैं। पंच एवं किक के साथ-साथ उन्हें संभावित खतरे की स्थिति में स्वयं की सुरक्षा कैसे करें, इसके व्यावहारिक उपाय भी बताए जा रहे हैं। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि वर्तमान समय में बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। यह कार्यक्रम छात्राओं को न केवल शारीरिक सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाता है, बल्कि उनमें साहस, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करता है।

## हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट में 10 से 13 मार्च तक आनंद शिविर प्रशिक्षण

**दमोह।** हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट, हैदराबाद (तेलंगाना) में 10 से 13 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले आनंद शिविर प्रशिक्षण कार्यक्रम का पंजीयन प्रारंभ है। विस्तृत निर्देश/जानकारी का अवलोकन इस संस्थान की वेबसाइट पर किया जा सकता है। राज्य आनंद संस्थान के माध्यम से शासकीय प्रतिभागी पूरे कार्यकाल में किसी एक आनंद शिविर में ही भागीदारी कर सकते है। राज्य संस्थान के निदेशक प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित होने वाले शासकीय प्रतिभागियों के लिये निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क राशि रु. 20,000/- राज्य आनंद संस्थान द्वान्न वहन किया जायेगा। प्रतिभागियों को केवल अपना पंजीयन शुल्क राशि रु. 500/- वहन करना है। शासकीय प्रतिभागियों के यात्रा व्यय का भुगतान उनके पद की पात्रता अनुसार उनके मूल विभाग द्वारा किया जायेगा। प्रतिभागिता करने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी को अपने रिपोर्टिंग अधिकारी से लिखित अनुमति निर्धारित प्रपत्र में लेकर अपना पंजीयन संस्थान की वेबसाइट पर करना होगा। उन्होने हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट, हैदराबाद में आयोजित होने वाले आनंद शिविर में सम्मिलित होने के लिए आपके अधीनस्थ विभाग/कार्यालय के इच्छुक शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों का पंजीयन कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया है।

## झलौन में छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयंती मनाई



**झलौन।** तेंदूखेड़ा अंचल के ग्राम झलौन में छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयंती मनाई। कुर्मी समाज के बुजुर्ग युवा साथी एवं समस्त समाज के लोग उपस्थित रहे। ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल एवं मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय किसान संघ के जिला जैविक प्रमुख पूरन सिंह पटेल, रूपलाल विश्वकर्मा, छत्रपति शिवाजी महाराज जी को फूल माला पहनकर शिवाजी महाराज के चरित्र का वाचन किया। जैविक प्रमुख ने एवं सभी युवा साथी बुजुर्गों से आग्रह किया कि जैसे छत्रपति शिवाजी महाराज जी ने पूरे भारत में शिक्षा एवं एकता की विचारधारा बनाकर चलने का संदेश दिया। उन्हीं के विचार देखकर हम सबकोअपने बच्चों को संस्कार एवं स्वदेशी खान-पान एवं जैविक खेती अपने स्वयं के लिए जरूर करें जिससे अपने शरीर के लिए लाभदायक होता है। डॉ खुशीराम ने अपने युवाओं के लिए छत्रपति शिव जी के,चरित्र, का संदेश दिया उपस्थित रहे। उमरिया धनेटा मगदूपुरा गुहची,ओरियामाल आदि, ग्रामों से उपस्थिति रही। मां साहब मोहित पटेल,पवन पटेल, पवन यादव, मथुरा प्रसाद ठेकेदार, पन्नालाल यादव, मोहित पटेल, गेंदी लाल, राजकुमार आदिवासी, नेताजी, समस्त कुर्मी समाज की लोग उपस्थित रहे।

**टाइगर रिजर्व में मृत बाघ के रेडियो कॉलर से मिले अलर्ट की दो दिन तक अनदेखी क्यों; एक्टिविस्ट की शिकायत पर पीसीसीएफ ने तीन दिन में तलब की रिपोर्ट**

# दूसरे बाघ का पता नहीं लगा पाया प्रबंधन, टेरेटरी फाइट में दूसरे बाघ के घायल होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में सैटेलाइट कॉलर वाले बाघ की संदिग्ध मौत और वन विभाग की घोर लापरवाही के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। मध्य प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वी.एन. अम्बाडे ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश जारी किए हैं। विभाग ने वनमण्डलाधिकारी को निर्देशित किया है कि इस मामले में विस्तृत जांच कर 03 दिवस के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें

### जांच के घेरे में 'डिजिटल पहरेदारी' की विफलता

पीसीसीएफ द्वारा जारी आदेश में वन्यजीव एक्टिविस्ट अजय दुबे द्वारा दर्ज कराई गई उस शिकायत का स्पष्ट उल्लेख है, जिसमें कान्हा से नौरादेही (वीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व) शिफ्ट किए गए बाघ की मौत और विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए गए थे। उल्लेखनीय है कि बाघ का शव 15 फरवरी 2026 को मोहली परिक्षेत्र में मिला था, जबकि उसका रेडियो कॉलर पिछले 48 घंटों से 'मॉर्टलिटी अलर्ट' भेज रहा था

### दो दिन तक अनदेखी क्यों

वाइल्ड एक्टिविस्ट दुबे ने पूछा है कि एक रेडियो कॉलर वाले बाघ के मामले में दो दिन तक अलर्ट की अनदेखी क्यों की गई रेडियो कॉलर से हर आठ घंटे में मिलने वाले स्टैटिक अलर्ट यह संकेत देते हैं कि बाघ की गतिविधियां रुक गई है वाइल्ड एक्टिविस्ट दुबे ने शिकायत में यह भी कहा कि निगरानी टीम को संघर्ष की भनक क्यों नहीं लगी बाघों की क्षेत्रीय लड़ाई की आवाज या हलचल निगरानी टीमों द्वारा अनसुनी कैसे रह गई इस फाइट में शामिल दूसरा बाघ कहा है क्या अन्य बाघ भी खतरे में है।

### दहाड़ अनसुनी रहने पर पूर्व में भी जताई थी नाराजगी

यह पहली बार नहीं है जब पीसीसीएफ ने निगरानी तंत्र पर सवाल उठाए हों। इससे पूर्व 20 अगस्त 2025 को जारी एक पत्र में भी पीसीसीएफ अम्बाडे ने पेंच और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व का उदाहरण देते हुए कहा था कि बाघों के आपसी संघर्ष की दहाड़ दूर तक सुनाई देती है, इसके बावजूद अमले को घटना की जानकारी न होना सुरक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ न होने का प्रतीक है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि बाघों की सुरक्षा वन विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मौत के असल कारणों से पर्दा उठना बाकी

ताजा घटना में बाघ की मौत की असली वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। क्योंकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आना बाकी है। हालांकि प्राथमिक रिपोर्ट के आधार पर अधिकारी इसे दो बाघों के बीच वर्चस्व को लेकर हुए आपसी संघर्ष का परिणाम मान रहे हैं। हालांकि अंतिम स्थिति पीएम रिपोर्ट के बाद ही साफ होगी।

### 10 लाख का रेडियो कॉलर, फिर भी फेल रही निगरानी

बताया गया है कि इस बाघ के गले में करीब 10 लाख रुपए कीमत का रेडियो कॉलर लगा था। जिससे पल पल की जानकारी हासिल की जा सकती थी। इसके बावजूद जिम्मेदार उसकी सतत निगरानी नहीं रख पाए। कुछ दिन पहले तक अधिकारी बाहरी बाघों के सफल अनुकूलन और उनकी संख्या बढ़ने के दावे कर वाहवाही लूट रहे थे, अब वही दावे कठघरे में हैं।

### टाइगर रिजर्व को पहचान दिलाने वाले बाघ की भी फाइट में हुई थी मौत

इससे पहले करीब ढाई साल पूर्व 16 जून 2023 को किशन नाम के बाघ की भी मौत हो चुकी है जिसने नौरादेही अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व का तमगा दिलाया है किशन बाघ विहीन हो चुके नौरादेही अभ्यारण्य क्षेत्र में पुनर्स्थापना के तहत लाए गए जोड़े का हिस्सा था इन मौतों और एक बाघ के लापता होने से बाघ पुनर्स्थापना योजना की सफलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं यही कारण है कि टाइगर रिजर्व के सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की मांग रही है।

## श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का हुआ समापन जलविहार यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



### शून्य नदी महादेव घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ देव विहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

ग्राम रोड में आयोजित श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आज भव्य जलविहार यात्रा के साथ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में समापन हुआ। सात दिनों तक चले इस आध्यात्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। अंतिम दिवस पर निकली जलविहार यात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय कर दिया। कथा के प्रमुख वक्ता पंडित अरविंद व्यास के सानिध्य में भजन-संकीर्तन मंडली के साथ शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालु हाथों में ध्वज, कलश और भगवा पताकाएं लिए "राधे-राधे" और "हरे कृष्ण" के जयघोष करते हुए शून्य नदी स्थित महादेव घाट पहुंचे। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। महादेव घाट पर विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आवाहित देवी-देवताओं का जलविहार संपन्न कराया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार जलविहार यात्रा भगवान के प्रति समर्पण, पवित्रता और प्रकृति के साथ आध्यात्मिक जुड़ाव का प्रतीक मानी जाती है। जल तत्व को जीवन का आधार मानते हुए यह अनुष्ठान श्रद्धालुओं को आंतरिक शांति और दिव्यता का अनुभव कराता है। पंडित अरविंद व्यास ने अपने आशीर्वचन में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में नैतिकता, संस्कार और सद्भाव का संदेश देने का माध्यम है। कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र, भक्ति और धर्म के मार्ग का अनुसरण करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रसादी वितरण किया गया। पूरे आयोजन में ग्रामवासियों का उत्साह और सहयोग सराहनीय रहा। जलविहार यात्रा के साथ संपन्न हुआ यह ज्ञान यज्ञ ग्राम रोड में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना की अमिट छाप छोड़ गया।

**खास बातें**

### जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 24 फरवरी को

**दमोह।** जिला पंचायत दमोह मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे ने बताया कि जिला पंचायत दमोह की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 24 फरवरी को आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 03 बजे किया जाएगा। सीईओ श्री फुलपगारे ने समिति सदस्यों एवं संबंधितो से निर्धारित समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया।

### शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**दमोह।** जिले के देहात थाना क्षेत्र का जबलपुर नाका चौकी मलैया कृषि फार्म के सामने एक अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस को सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस ने पहुंचकर जानकारी ली व शिनाख्त के प्रयास शुरू किये। कुछ देर बाद शव की शिनाख्त सुरेंद्र पिता प्रहलाद यादव उम्र 30 वर्ष निवासी मुड़ेरी थाना तेजगढ़ के रूप में हुई है । पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की है।

दमोह–जबलपुर स्टेट हाईवे पर फिर बड़ा हादसा

# दो ट्रकों में सामने से जोरदार भिडंत, मकान के चबूतरे में घुसा ट्रक, बाल-बाल बची महिला






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे सिंग्रामपुर मेन बाजार में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब दमोह–जबलपुर स्टेट हाईवे पर दो ट्रक आमने-सामने भिड़ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ट्रक अनियंत्रित होकर स्थानीय निवासी जितेंद्र जैन के मकान के चबूतरे में जा घुसा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त जैन की पत्नी घर की दहलीज पर झाड़ू लगा रही थीं। ट्रक सीधे चबूतरे से टकराया, लेकिन गनीमत रही कि वे बाल-बाल बच गईं, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। टक्कर से दोनों ट्रकों के कांच चकनाचूर हो गए और एक चालक को सीने में चोट आई है। जितेंद्र जैन ने बताया कि टक्कर के बाद ट्रक बचाने के प्रयास में मकान की ओर मुड़ गया, जिससे चबूतरे और सड़क किनारे खड़े दो हाथ ठेलों को नुकसान पहुंचा। सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। दोनों ट्रकों को जब्त कर चौकी ले जाया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### आधे घंटे ठप रहा हाईवे

हादसे के बाद हाईवे पर करीब आधे घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर वन-वे व्यवस्था लागू की, तब जाकर यातायात सामान्य हो सका।

### सड़क चौड़ीकरण की मांग तेज

लगातार हो रहे हादसों के बाद ग्रामीणों ने सड़क चौड़ीकरण का मुद्दा फिर उठाया है। लोगों का कहना है कि दो लेन होने के बावजूद सड़क संकरी है, जिससे ओवरटेक और क्रॉसिंग के दौरान दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। आए दिन हो रहे हादसों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

संभागायुक्त ने समीक्षा कर दिए अहम दिशा निर्देश

# लंबित आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करें



**दमोह।** संभागायुक्त अनिल सुचारी द्वारा दो महत्वपूर्ण बैठकें लेकर विभिन्न विषयों की गहन समीक्षा की गई। संभागायुक्त श्री सुचारी ने 'संकल्प से समाधान' अभियान की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में विभागवार एवं सेवावार प्राप्त आवेदनों की स्थिति, उनके निराकरण की प्रगति तथा लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी विभागीय एवं जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों का समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा अधिक से अधिक आवेदनों का सकारात्मक निराकरण किया जाए। संभागायुक्त श्री सुचारी ने कहा कि यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। अभियान अंतर्गत सम्मिलित 106 सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने क्लस्टर, विकासखंड एवं जिला स्तर पर सुव्यवस्थित योजना बनाकर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। इसी दौरान अगली बैठक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया संभागायुक्त श्री सुचारी जिले के लिए रोल ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने एसआईआर की प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक पूर्ण किए गए तीनों चरणों की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में उप-जिला निर्वाचन अधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी तथा संकल्प से समाधान अभियान के तहत संबंधित विभागों के सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा मंत्रियों के बयान के विरोध में कांग्रेस ने किया पुतला दहन



**जबेरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जबेरा के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के निर्देशन में आज कांग्रेस कार्यालय में बैठक सह पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के मंत्रियों के द्वारा लगातार की जा रही बद जुवानी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा एवं अन्य वक्ताओं के द्वारा भारत अमेरिका ट्रेड डील एवं मनरेगा में बदलाव कर मजदूरों के कानूनी अधिकार पर प्रहार करने तथा मध्य प्रदेश सरकार की तीन मंत्रियों की बाद जवानी को लेकर के आज संपूर्ण प्रदेश में पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित है। यह सरकार पूर्ण रूप से ट्रंप के द्वारा संचालित है अमेरिका ट्रेड डील से देश की कृषि व्यवस्था पर सीधा हमला है यह समझौता देश की छोटी सीमांत मध्य किसने व्यापारियों को बाजार की आसमान प्रतिस्पर्धा में धकेलना वाला है यह डील देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता को कमजोर कर बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लाभ पहुंचाने का माध्यम बन रही है। इसी तरह हमारे प्रदेश में कफ सिरप से हुई मोतों के जिम्मेदार मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला एवं महिला सेना अधिकारी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मंत्री श्री विजय शाह एवं भागीरथपुरा में दूषित जल प्रदाय से हुई मौतों एवं मौतों पर सवाल पूछने पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिए आप शब्दों का प्रयोग करने वाले दोषी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय अभी तक मंत्रिमंडल में है इन कलंकित मंत्रियों के इस्तीफा की मांग कांग्रेस पार्टी करती है। इस प्रकार के ओजस्वी वक्तव्य देते हुए बैठक में उपस्थित कांग्रेसियों के द्वारा सरकार विरोधी नारे लगाये गये तथा पुतला दहन किया गया। पुतला दहन को रोकने के लिए एसडीओपी श्रीमती अर्चना अहीर के नेतृत्व में जबेरा पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी तब कहीं जाकर फायर ब्रिगेड की मदद से पानी की बौछार करके कांग्रेसियों को तीतर-वितर कर पाए। उक्त पुतला दहन कार्यक्रम में ओपी शर्मा, संतोष रजक, गोविंद तिवारी, दीपक यादव,भागवत धनगर,गोलू विश्वकर्मा, अनिल खरे,हरिराम सिंह ठाकुर ,प्रताप टेकाम,बाली ठाकुर ,ओंकार पटेल ,पूरन लोधी, विनय तिवारी, मनोज सिंह, दशरथ ,सीताराम अहिरवार, विवेक तिवारी,प्रवीण राय सहित सैकड़ो कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# ड्रिंक ड्राईवे मामले में पुलिस ने की चालानी कार्यवाही, समन शुल्क वसूला

**दमोह।** श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के निर्देशन एवं सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के मार्गदर्शन में श्री दलवीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनो की चेकिंग कर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 19.02.2026 को निरीक्षक दलवीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा थाना स्टाफ के साथ मारूताल बायपास चौराहा पर वाहन चेकिंग की गई। चैकिंग के दौरान भारी वाहनों एवं यात्री वाहनों के चालकों का ब्रीथ एनालाईजर के माध्यम से चेकिंग के दौरान ट्रक क्रमांक एमपी 15 एचए 5426, सीजी 04 एनक्यू 9118 एवं एमपी 19 एचए 5334 के चालक ड्रिंक एण्ड ड्राईव करते हुये पाये जाने पर उपरोक्त ट्रक जप्त किये गये थे। जिनका प्रकरण तैयार कर दिनांक 20.02.2026 को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करने पर माननीय न्यायालय द्वारा प्रत्येक ट्रक चालक पर 10-10 हजार रूपये कुल 30,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया।

# पुरातत्व सर्वेक्षण का दमोह में संरक्षण सहायक उप मंडल कार्यालय तैयार

### जिला प्रशासन की पहल से संरक्षण कार्यों को मिलेगी नई गति



**दमोह।** ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में दमोह जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के जबलपुर मंडल अंतर्गत दमोह में संरक्षण सहायक उप मंडल लगभग तैयार हो चुका है। शीघ्र ही यहां कंजर्वेशन असिस्टेंट की पदस्थापना की जाएगी। यह सफलता जिला प्रशासन के सतत प्रयासों और लगातार पत्राचार का परिणाम रही है। नवस्थापित कार्यालय शहर की एक प्राचीन में बनाया गया है, यह ऐतिहासिक संरचना अपनी मजबूती और स्थापत्य सौंदर्य के लिए विशेष पहचान रखती है। भवन के भीतर ऊपर जाने के लिए 27 फीट 5 इंच ऊंची लोहे की सीढ़ी आज भी सुरक्षित और आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

### संरक्षण कार्यों को मिलेगा स्थानीय स्तर पर संबल

नवगठित उप मंडल कार्यालय दमोह एवं आसपास के संरक्षित स्मारकों के संरक्षण, देखरेख और नियमित रखरखाव से जुड़े कार्यों के लिए स्थापित किया जा रहा है। सीनियर कंजर्वेशन असिस्टेंट सुभाष कुमार ने जानकारी दी यहां कंजर्वेशन असिस्टेंट सहित आवश्यक सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी, जो स्मारकों की मरम्मत, संरचनात्मक मजबूती और संरक्षण संबंधी तकनीकी कार्यों को गति देंगे। उन्होंने कहा अब तक जबलपुर मंडल के अंतर्गत सागर, जबलपुर, रीवा और खजुराहो उप मंडल कार्यरत थे। दमोह में नए उप मंडल की स्थापना से क्षेत्रीय स्मारकों के संरक्षण कार्य अधिक सुदृढ़, प्रभावी और समयबद्ध तरीके से संपादित किए जा सकेंगे। वर्तमान भवन में मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। प्रशासनिक बैठक के उपरांत औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम की तिथि निर्धारित की जाएगी। यह पहल न केवल ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण को नई दिशा देगी, बल्कि दमोह की सांस्कृतिक पहचान को भी सशक्त बनाएगी।

# गड़ी मोहल्ला क्षेत्र में बिजली चेकिंग के दौरान हमला

### 7 हमलावरों पर कोतवाली में मामला हुआ दर्ज

**दमोह।** विद्युत विभाग के द्वारा इन दोनों नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है तथा इस दौरान बिजली चोरी पाए जाने पर मौके पर ही प्रकरण बनाकर जुर्माना आदि की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में गढ़ी मोहल्ला क्षेत्र में बिजली चोरी की जांच के दौरान महिलाओं सहित कुछ लोगों ने भड़कते हुए टीम पर हमला कर दिया। जिसकी शिकायत कोतवाली में दर्ज कराए जाने पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़ी मोहल्ला क्षेत्र में शुक्रवार को बिजली विभाग की टीम गलियों में घूम रही थी इसी दौरान एक घर के बाहर बिजली का मीटर नहीं लगा होने के बावजूद विद्युत लाइन से डायरेक्ट कनेक्शन घर के अंदर जाता नजर आ रहा था। जिस पर टीम के द्वारा उपरोक्त मकान के दरवाजे खुलवाने की कोशिश की गई। वही दरवाजे नहीं खोले जाने पर टीम के द्वारा मैन लाइन से कनेक्शन काटकर सप्लाई लाइन को जप्त करने की कार्रवाई की जा रही थी इसी दौरान दो महिलाओं ने घर से निकलकर गाली गलौज करते हुए विद्युत मंडल के कर्मचारियों पर पत्थरों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से घबराए बिजली विभाग के कर्मचारी मेन रोड पर खड़ी विभाग की गाड़ी के पास आ गए। लेकिन गालियां बकते हुए हमलावर महिलाएं तथा अन्य लोग वहां भी पहुंच गए। जहां उनके द्वारा कनेक्शन कट करने वाले लाइनमैन के साथ खुलेआम मारपीट करते हो हमला किया गया। इस दौरान वहां के कुछ लोगों ने बीच बचाव करके मामला शांत करने की भी कोशिश की। लेकिन तब तक उपरोक्त गाली गलौज और हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका था तथा 112 डायल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। इसके बाद जैसे तैसे गाड़ी मोहल्ला क्षेत्र से पुलिस थाने पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी पुलिस के अधिकारियों के साथ अपने उच्च अधिकारियों को दी। बाद में पुलिस के द्वारा सात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है इधर इस घटनाक्रम से बिजली विभाग के कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। मामले में विभाग की वरिष्ठ अधिकारियों को कहना है कि बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान और भी सक्रियता के साथ चलाया जाएगा वहीं पुलिस से अभियान के दौरान सहयोग की अपेक्षा की अपील भी की गई है जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो सके।

# गैसाबाद प्रीमियर लीग : मुकाबले में महेवा टीम की शानदार जीत

**गैसाबाद।** ग्राम में 17 फरवरी से चल रहे जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिवस का मैच गैसावाद एवं महेवा टीम के बीच खेला गया जिसमें महेवा टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 33 रनों से मैच जीत लिया। निर्धारित 16 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए महेवा टीम ने 154 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसका पीछा करते हुए गैसावाद 122 रनों पर ही ऑल आउट होकर पवेलियन वापस लौट गई, गौरतलब है कि जेएसडब्ल्यू सीमेंट फैक्ट्री के सौजन्य से चल रही है। इस टूर्नामेंट श्रृंखला में विजेता टीम के लिए दो लाख रुपए नगद राशि एवं उपविजेता टीम के एक लाख रुपए नगद राशि एवं अन्य उपहार रखे गए हैं, टूर्नामेंट के आयोजन रणधीर दहिया एवं उनकी टीम द्वारा मैच की व्यवस्थाएं की जा रही है।

# 279 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ



दमोह । जिले के 279 परीक्षा केंद्रों पर से कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। परीक्षाओं के सुचारु एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष तैयारियां की गई हैं, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत तथा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे के मार्गदर्शन में चयनित परीक्षा केंद्रों एकीकृत माध्यमिक शाला नावघाट, अभाना कैरियर कान्वेंट, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मारूताल को आदर्श परीक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों का फूलों से स्वागत कर सकारात्मक और उत्साहपूर्ण वातावरण तैयार किया गया। विद्यार्थियों को तनावमुक्त माहौल प्रदान करने के लिए केंद्रों पर विशेष व्यवस्थाएं की गईं। परीक्षा के पहले दिन विद्यार्थी उत्साहपूर्वक परीक्षा में सम्मिलित हुए। केंद्रों पर व्यवस्थाओं को लेकर पालकों ने भी संतोष व्यक्त किया और जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। जनशिक्षा केन्द्र अभाना के सभी परीक्षा केंद्रों पर छात्रों का स्वागत तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर किया गया, साथ ही सभी बच्चों को एक चॉकलेट एवं पेन दिया गया।

**आदर्श परीक्षा केंद्रों पर फूलों से स्वागत, विद्यार्थियों को मिला तनावमुक्त वातावरण**

# दस्तक अभियान के माध्यम से हो रहीं बच्चों के स्वास्थ्य की विशेष देखभाल

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर. के. अठया के निर्देशानुसार जिले में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं कुपोषण की रोकथाम हेतु दस्तक अभियान का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। दस्तक दल द्वारा 5 साल तक के बच्चों के अभिभावकों को बच्चे के संतुलित आहार, स्वच्छता एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। अभियान के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की नियमित जांच की जा रही है। बच्चों का वजन एवं स्वास्थ्य स्थिति का आंकलन कर कुपोषित एवं जोखिम वाले बच्चों की पहचान की जा रही है। 6 माह से 5 वर्ष तक के एनीमिक बच्चों की फॉलोअप जांच भी संस्था में की जा रही है। साथ ही 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में रोग से लड़ने की क्षमता बढ़ाने में बेहद उपयोगी विटामिन ए का घोल निर्धारित मात्रा में पिलाया जा रहा है। दस्तक दल में शामिल आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा मॉप-अप दिवस में आंगनबाड़ी केंद्र में अनुपस्थित बच्चों के घरों में पहुंचकर विटामिन ए का घोल पिलाया जा रहा है।

# चलाया 'पॉलीथिन के एकल उपयोग को कहें ना' अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में ईको क्लब के अंतर्गत पॉलीथिन के एकल उपयोग को ना कहो, अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाना है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन के मार्गदर्शन एवं ईको क्लब प्रभारी डॉ मीरा माधुरी महंत के दिशा निर्देश में वनस्पति शास्त्र विभाग में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. नंदराम सुमन ( एच.ओ.डी. वनस्पति शास्त्र विभाग) के द्वारा ग्लोबल वार्मिंग से हो रहे नुकसान और ऋतु चक्रण से पर्यावरण पर पड़ रहे प्रभाव की ओर ध्यानाकर्षण किए गए, डॉ. ऋषिभा दीक्षित द्वारा ईको क्लब के विद्यार्थियों को हरित शपथ दिलाई गई और पर्यावरण को सुरक्षित व संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया गया। इसी क्रम में सुश्री दीपा पाण्डेय द्वारा पर्यावरण संरक्षण में छात्र छात्राओं का योगदान, स्वच्छता,साथ ही बताया कि पर्यावरण के प्रदूषित होने से मानव भयंकर बीमारी का शिकार हो रहे हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना अति आवश्यक है। इसके तहत महाविद्यालय के खेल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया और प्लॉस्टिक के एकल उपयोग को ना कहें, बताया गया। वनस्पति शास्त्र विभाग में सहभागिता करने वाले सभी 25 विद्यार्थियों को जूट से बने छोटे थैले बांटे गए तथा सभी को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अभियान में प्रह्लाद सिंह ठाकुर, जागेश्वर रजक, घसीटा रैकवार सहित छात्र- छात्राऐं उपस्थित रहे।

# मंत्रियों के इस्तीफे की मांग को लेकर किया पुतला दहन



**दमोह।** भारत अमेरिका ट्रेड डील एवं मनरेगा में केन्द्र सरकार द्वारा बदलाव कर मजदूरी के कानूनी अधिकार पर प्रहार के विरोध में तथा मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के तीन कलंकित मंत्रियों के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन महासचिव नितिन मिश्रा के नेतृत्व में चार पुतलो का दहन अम्बेडकर चौक के पास किया गया। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि बदजुवान मंत्री जो सत्ता के नशे में मदमस्त है। वह तीनों मंत्री पद से चिपके हुए है उन्हें तो नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिये।

पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कफ सीरम के जिम्मेवार मंत्री राजेन्द्र शुक्ल सेना, अधिकारी और महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मंत्री विजय शाह, दूषित पानी से हुई मौतो के जिम्मेवार मंत्री कैलाश विजयवर्गीय यदि इस्तीफा नहीं देते तो उन्हे बर्खास्त करें मोहन सरकार। संजय चौरसिया, वीरेन्द्र दवे, राजेश तिवारी, तिलक सींग, रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, बबलु भटट्, रोहन पाठक, विक्रम ठाकुर, कमला निषाद, लाखन सिंह, मुख्तार जाफरी ने कथित दोषी मंत्रियों का पुतला फूकते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार की असफलता के चलते प्रदेश व्यापक आर्थिक बदहाली और अराजकता के दौर से गुजर रहा है। पार्षद राजा रोतेला, शैलेन्द्र सिंह, हेमराज, मिक्की चंदेल एवं डालचंद कुशवाहा, पप्पू कुशवाहा, अशोक ठाकुर, गोपाल रैकवार, वीरेन्द्र चौबे, संजय सेठ, अरूण दुबे, श्रीकांत पटैल, प्रमेश सीरोठिया, गीता लोधी, अजय जाटव, वीर सिंह, शेरू कछवाहा, रामकुमार सीरोठिया, प्रवेन्द चंदाकर ने भी भाजपा की केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की अनीतियों के खिलाफ जमकर नारेवाजी करते हुए कहा कि मोहन सरकार को इन मंत्रियों में क्या दिख रहा है जिसके कारण वह दबाव में है इस अवसर पर खिल्लू ठाकुर, विनोद पटैल, विन्दू पटेल, संजीव अहिरवार, दुर्गेश नामदेव, नीलेश यादव, ए.के. चिश्ती, सलीम बेटरी, अरविन्द सिह, धीरज यादव, बाबु चौहान, मानक अहिरवार सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।